तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 1 जुलाई 2026

11 झेरिया यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन

12 संत कबीर के विचारों पर चलने का लिया संकल्प,...







## खबर संक्षेप

### आपदा पीड़ित परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत दो व्यक्ति के निकट परिजन प्रत्येक के लिए 4 लाख के मान से 8 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जानकारी के अनुसार पीड़ति परिजन सोमू प्रधान पिता शिवशंकर प्रधान निवासी ग्राम कुम्हारी तहसील टुन्डरा एवं संतोष साहू पिता रोहित साहू निवासी ग्राम मोहतरा तहसील बलौदाबाजार की सर्पदंश के कारण मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से बदहाल हुआ अर्जुनी का आस्था केंद्र



**अर्जुनी।** ग्राम अर्जुनी के गांधी चौक स्थित प्रमुख आस्था एवं श्रद्धा केंद्र ठाकुर देवता चितावर परिसर की बदहाल स्थिति ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बन गई है। वर्षों से धार्मिक आस्था और परंपराओं का प्रतीक रहा यह स्थल आज देखरेख के अभाव में उपेक्षा का शिकार होता दिखाई दे रहा है।

परिसर में साफ-सफाई और रखरखाव के अभाव से इसकी गरिमा प्रभावित हो रहा है। ग्रामीण जयदेव सिंह ध्रुव, अश्विनी ध्रुव, संतोष ध्रुव, रवि ध्रुव, देवेश ध्रुव, गंगासागर ध्रुव, कुलदीपक वर्मा, नकुल वर्मा, धनीराम ध्रुव, सहदेव ध्रुव का कहना है कि ठाकुर देवता चितावर परिसर में गांव के लोग वर्षों से पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान एवं पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित करते आ रहे हैं। इसके बावजूद परिसर के संरक्षण और विकास की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। समय पर साफ-सफाई नहीं होने से परिसर के आसपास का वातावरण भी अव्यवस्थित नजर आता है। ग्रामीणों कहना है कि जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण गांव के इस महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल की लगातार अनदेखी हो रही है। यदि समय रहते ▸▸ शेष पेज 10 पर

**मौसम :** हल लेकर खेतों में पहुंचे किसान, बढ़ी किसानों की चहल-पहल

# झमाझम बारिश के साथ शुरू हुआ खेती का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार/भवानीपुर

जिले में सोमवार से शुरू हुई रिमझिम बारिश ने जिले के किसानों का उत्साह बढ़ा दिया है। मंगलवार की शाम लगभग एक घंटे तक हुई झमाझम बारिश खेती की जुताई में लाभदायक साबित हो रही है। किसानों ने खेतों की जोताई प्रारंभ कर दी, वहीं धान का थराह ढालने का कार्य शुरू हो गया है। दो दिनों की बारिश खुर्रा बोनी के लिए भी लायक साबित हुई है।

अंचल में मंगलवार को हुई रिमझिम बारिश ने किसानों को थोड़ी राहत जरूर दी है, लेकिन कमजोर मानसून के चलते उनकी चिंता अब भी कम नहीं हुई है। जून माह समाप्त होने के बावजूद क्षेत्र में मानसून पूरी तरह सक्रिय नहीं हो पाया है। पर्याप्त बारिश नहीं होने से खेतों में बोए गए धान के बीज सूखने की कगार पर पहुंच गए थे। हल्की बारिश से खेतों में नमी आई है, जिससे किसानों ने राहत की सांस ली है।

क्षेत्र के अधिकांश किसान खरीफ सीजन की खेती के लिए पूरी तरह बारिश पर निर्भर हैं। समय पर अच्छी बारिश नहीं होने के कारण कई किसानों ने अब तक बुवाई का कार्य शुरू नहीं किया है, जबकि जिन किसानों ने शुरुआती बारिश के भरोसे धान की बुवाई कर दी थी, वे अब फसल को लेकर चिंतित हैं। लगातार तेज धूप और उमस के कारण खेतों की नमी तेजी से खत्म हो रही थी, जिससे धान के अंकुरित बीजों के खराब होने का खतरा बढ़ गया था।

मंगलवार को हुई हल्की बारिश से खेतों में कुछ नमी जरूर लौटी है, लेकिन किसान इसे पर्याप्त नहीं मान रहे हैं। उनका कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी और लगातार बारिश नहीं हुई तो धान सहित अन्य खरीफ फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इससे उत्पादन घटने के साथ किसानों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।

मौसम के अनिश्चित मिजाज ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। कृषि कार्य पूरी तरह बारिश पर निर्भर होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में किसान हर दिन आसमान की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं। फिलहाल पूरे अंचल में अच्छी बारिश का इंतजार बना हुआ है। कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है कि खरीफ फसलों के बेहतर विकास के लिए आने वाले दिनों में ▸▸ शेष पेज 10 पर



### रिमझिम बारिश से अंचल में धान बोआई कार्य शुरू

**हिरमी रावन।** अंचल में मंगलवार शाम हुई रिमझिम बारिश ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी। लंबे समय से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे किसानों को जैसे ही खेतों में पर्याप्त नमी मिली, उन्होंने धान की बुवाई का कार्य शुरू कर दिया। खेतों में ट्रैक्टर और कृषि यंत्रों की आवाजाही बढ़ गई है तथा किसान पूरे उत्साह के साथ खरीफ सीजन की तैयारियों में जुट गए हैं। किसानों का कहना है कि समय पर हुई यह बारिश धान की फसल के लिए लाभदायक है। यदि आने वाले दिनों में भी नियमित और अच्छी बारिश होती रही तो इस वर्ष फसल की पैदावार बेहतर रहने की उम्मीद है। क्षेत्र के गांवों में धान बुवाई का कार्य प्रारंभ होने से खेती-किसानी का माहौल बन गया है। वहीं दूसरी ओर रिमझिम बारिश से भीषण गर्मी और उमस से लोगों को राहत मिली है। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया, जिससे आमजन ने भी राहत की सास लीं।



## अहिल्दा सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बगबुड़ा

बलौदाबाजार जिले के ग्राम पंचायत अहिल्दा, जो कि बलौदा बाजार ब्लॉक के सबसे बड़े पंचायत भी है की सरपंच फूलिया बाई घृतलहरे के विरूद्व अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। लवन तहसीलदार पूरे टीम के साथ तय समय के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव की कार्रवाई के लिए पंचायत भवन में इंतेजार करते रहे, परन्तु विपक्ष खेमे के पंच अनुपस्थित रहे। विपक्षी पंचों के अनुपस्थिति के कारण तहसीलदार ने वर्तमान सरपंच फूलिया बाई घृतलहरे को पुनः सरपंच घोषित किया। इस प्रकार सरपंच के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गिर गया। सरपंच के पक्ष में छः पंच ओमप्रकाश वर्मा, द्वारिका वर्मा, भागमती कुर्रे, बिमला घृतलहरे, लीलाराम साहू, फ़नेश डटे रहे।

वहीं विपक्षी के चौदह पंचों में सावित्री कोसले, लक्ष्मीन वर्मा, तोश कुमार यदु, संतोषी वर्मा, राजेन्द्र बाघ, उर्वशी साहू, कमलेश साहू, मंजू साहू, हरतालिका साहू, सरस्वती वर्मा, अहीर कुमार यादव, रमा साहू, सुमित्रा साहू, डागेश्वर मानिकपुरी रहे। विपक्षी पंचों का कार्यवाही में उपस्थित नहीं होना गावों में चर्चा का विषय बना रहा।

सरपंच खेमे के पंचों ने गुलाल लगाकर ख़ुशी जाहिर करते हुए मिठाई बांटी। वहीं इस जीत पर सरपंच फूलिया बाई घृतलहरे का कहना है कि मैं सभी पंचों को साथ लेकर चलते आई हूं और गांव के विकास के लिए काम करती रहूंगी। पर कुछ पंचों द्वारा गांव के विकास को बाधित करने के लिए इस तरह के काम किए हैं।

# खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण करने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलाईगढ़

- पांच दिनों की कार्रवाई में कई स्टोन क्रशर और भंडारण स्थल सील, अवैध परिवहन करने वाले वाहन भी जब्त

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी पद्मिनी भोई साहू द्वारा दिये गये निर्देश पर खनिज अमला द्वारा 5 दिनों में जिले के खनिज से जुड़े सभी अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के संदिग्ध क्षेत्र का छापामार कर तत्परता से कार्रवाई की गई। इससे खनिज के अवैध धंधे में शामिल कारोबारियों को जोर का झटका लगा है।



सारंगढ़, सरिया एवं बरमकेला तहसील में निरीक्षण के दौरान 8 स्वीकृत भण्डारण, क्रेशर मेसर्स सिंघल क्रशर उद्योग, प्रो. गोपाल प्रसाद अग्रवाल एवं मेसर्स गणपति ग्रामोद्योग, प्रो. रमेश छपारिया, मेसर्स जय मां शारदा मिनरल्स प्रो. हिमान्सु अग्रवाल, मेसर्स मंगल क्रशर उद्योग, प्रो. दीपक अग्रवाल, मेसर्स श्री सालासर इंटरप्राईजेस प्रो. प्राची बेरीवाल, मेसर्स हरिओम मिनरल्स, प्रो. शत्रुघन लाल अग्रवाल, मेसर्स मॉ अम्बे स्टोन क्रेशर, प्रो. निरजा अग्रवाल एवं मेसर्स श्याम मिनरल्स, प्रो. पूनम देवी अग्रवाल पर छ.ग. खनिज (खनन, परिवहन एवं भण्डारण) ▸▸ शेष पेज 10 पर

# खरोरा में धर्मांतरण का विरोध, सैकड़ों लोगों ने प्रार्थना सभा के खिलाफ भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

- विरोध में सर्व हिन्दू समाज ने किया बैठक का आयोजन

नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में धड़ल्ले से हो रहें धर्मांतरण के खिलाफ सर्व हिन्दू समाज के बैनर तले खरोरा के दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में सैकड़ों की संख्या में खरोरा एवं आसपास क्षेत्रों के लोगों ने धर्मांतरण के खिलाफ उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान सभा में उपस्थित लोगों ने धर्मांतरण एवं धर्मांतरण कराने वाले पास्टरों पर प्रतिबंध की मांग को लेकर हुंकार भरी। इस दौरान रायपुर जिला पंचायत के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने धर्मांतरण को समाज एवं राष्ट्र के लिए गंभीर खतरा बताया। उन्होंने उपस्थित लोगों को दलगत विचारों से उपर उठकर धर्मांतरण के खिलाफ एक होने की अपील की। वहीं वरिष्ठ समाजसेवी ▸▸ शेष पेज 10 पर



### मांठ में हुए धर्मांतरण की घटना के खिलाफ बड़ा अभियान

पिछले दिनों 24 जून को समीपस्थ ग्राम मांठ में धर्मांतरण की घटना पर बड़ा विवाद हुआ था। यहां इसाई पास्टर एवं हिन्दुओं के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। पुलिस के बीच बचाव के चलते कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई। वहीं उक्त मामले में ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस द्वारा रायपुर के पास्टर शुशांत ज्ञानिक एवं पियूष पटेल पर कार्रवाही की गई थी। उक्त घटना के बाद से ही धर्मांतरण को लेकर हिन्दू समाज आक्रोषित नज़र आ रहा हैं।

**ग्रामसभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित**

# अभयारण्य के भीतर बसे ग्रामीणों ने लिया विस्थापन का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

- वन्यजीवों के संरक्षण और बेहतर भविष्य के लिए स्वेच्छा से पुनर्वास की राह चुनी

बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य के भीतर बसे गांव बार का विस्थापन को लेकर एक बड़ा और ऐतिहासिक फैसला सामने आया है। वनमंडल बलौदा बाजार अंतर्गत सुप्रसिद्ध वन्यजीव बारनवापारा अभ्यारण्य में बसे ग्राम बार के ग्रामीणों ने वन्यजीवों के संरक्षण और बेहतर भविष्य के लिए स्वेच्छा से पुनर्वास की राह चुन लिया है। जहां वन्यजीव बारनवापारा अभ्यारण्य से अन्यत्र विस्थापित होने के लिए ग्राम सभा में सर्व सम्मति से पारित किया गया है। लंबे समय से चल रही चर्चाओं और बैठकों के बाद आखिरकार प्रभावित गांव के ग्रामीणों ने वन्यजीवों के संरक्षण और अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए स्वेच्छा से विस्थापन की राह चुन ली है। विशेष रूप से आयोजित ग्राम सभा में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से विस्थापन के प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगा दी है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन और वन विभाग द्वारा दिए जा रहे आकर्षक पुनर्वास पैकेज और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों ने यह निर्णय लिया है। ग्राम सभा की इस बैठक में गांव के बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। घंटों चली चर्चा के बाद बिना किसी विरोध के सभी ने एक सुर में प्रस्ताव पारित कर विस्थापन के पक्ष में अपनी सहमति दर्ज कराई है।

### ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं

वही ग्रामीणों ने कहा कि वर्षों पुरानी और आज भी हमारी मांग है कि सरकार जल्द से जल्द व्यवस्थान करे हमने वन्यजीवों की सुरक्षा और अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा-रोजगार के लिए यह फैसला लिया है। तो वही इस संबंध में डीएफओ धम्मशील गणवीर ने बताया कि लोगो की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों के सहयोग से विस्थापन प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरी की जायेगी।

### वन्यजीवों को मिलेगा खुला गलियारा

बारनवापारा अभयारण्य में लगातार बढ़ते वन्यजीवों के कुनबे विशेषकर बाघों और हाथियों की बढ़ती सक्रियता के कारण लंबे समय से मानव-वन्यजीव द्वंद्व का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों के इस फैसले से जहां वन्यजीवों को एक निर्बाध और सुरक्षित रहवास मिलेगा तो वहीं दूसरी ओर विस्थापित होने वाले परिवारों को मुख्यधारा से जुड़ने का मौका मिलेगा। शासन द्वारा पुनर्वास स्थल पर स्कूल, अस्पताल, पक्की सड़कें, सिंचाई की सुविधा, बिजली और शुद्ध पेयजल जैसी आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।



## खबर संक्षेप

### टंकी तोड़ने के विवाद पर हंसिया से जानलेवा हमला

**रायपुर।** बाइक की टंकी तोड़ने के विवाद को लेकर एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ हंसिया से जानलेवा हमला करने की डीडीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। हांडीपारा, शिवनगर निवासी पेशे से मजदूर हेमंत यादव ने अपने पड़ोसी रवि वर्मा के खिलाफ शिकायत की है। उसने पुलिस को बताया कि आरोपी ने पिछले दिनों उसकी बाइक की टंकी तोड़ दी थी। इसकी शिकायत की तो उसने हेमंत के साथ गाली-गलौज कर ईंट से मारने के लिए दौड़ाया। इसके बाद उसने हंसिया से उसकी पसली तथा कंधे पर वार कर घायल कर दिया।

### लेन-देन के विवाद पर चाकू से किया हमला

**रायपुर।** पैसों के लेन-देन के विवाद र स्क्रैप कारोबारी पर दो लोगों ने चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। इकरार खान ने गंज थाने की पुलिस को बताया कि रविवार रात उसके पास हनफी का फोन आया और उसने बताया कि उनके भाई कुर्बान खान को अजहर और फज्जू ने चाकू मारकर घायल कर दिया है। इसके बाद इकरार अपने घायल भाई को उपचार कराने आंबेडकर अस्पताल ले गया। पूछताछ करने पर घायल ने अपने भाई को बताया कि अजहर तथा उसके साथी ने लेन-देन के विवाद पर उसके साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

### भाजपा को गांव, गरीब, किसान की चिंता नहीं : उधोराम

**रायपुर।** सम्मानपुर नकटी में सोमवार को तड़के कब्जा हटाने पूरी ताकत से गांववालों के साथ अपराधी जैसा बर्ताव, नकटी गांव का मंजर भयावह था। पुलिस प्रशासन ने डबल फोर्स बुलवाकर जमीन को कब्जा मुक्त कर विधायक कालोनी के लिए खाली करा दिया। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार भाजपा के विधायक अनुज शर्मा एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल गांववालों को झूठा आश्वासन देते रहे कि अब आपका घर नहीं तोड़ा जाएगा। ऐसे में ग्रामीण भरोसे में रहे और यही जनप्रतिनिधि कब्जामुक्त कराने भारी बल का प्रयोग कर कब्जा हटाए। भाजपा का कोई जनप्रतिनिधि देखने तक नहीं आया। इससे साबित होता है, ये सभी चाहते थे कि कब्जा हटे और विधायकों को कीमती जमीन आवास के लिए आवंटित हो। उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार नवा रायपुर में विधानसभा, सचिवालय, मंत्रालय एवं मुख्यमंत्री, मंत्री समेत तमाम अधिकारी अपना आवास बनाए हैं तो विधायकों को यहीं निवास बनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी? क्योंकि ये बेशकीमती जमीन चाहते हैं।

**बैठक :** छूटे हुए हितग्राहियों का अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश

# सुपोषित बचपन अभियान में लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने हाल ही में शुरू हुए सुपोषित बचपन अभियान अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र के कुपोषित बच्चों को पोषक लड्डू खिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही होने पर संबधित पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को अभियान की सतत मॉनिटरिंग करने तथा लड्डू निर्माण से लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों तक सप्लाई और कार्यकर्ता द्वारा बच्चों को खिलाने तक पूरा रिकार्ड रखने के निर्देश दिये। इसी तरह गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती एवं मेडिकल चेक नजदीकी उप स्वास्थ्य केन्द्र में कराने समयबद्ध कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने खरीफ सीजन में खाद-बीज की उपलब्धता एवं केसीसी ऋण वितरण की समीक्षा करते हुए किसानों को शासन के निर्देशानुसार उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने नई समितियो में भी खाद-बीज वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने छूटे हुए किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन के लिये कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियो को जरुरी समन्वय करने कहा।

कलेक्टर शर्मा ने आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुए अब तक छूटे हुए हितग्राहियों का कार्ड बनाने के लिये अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रति सप्ताह 5000 आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित करने कहा। कलेक्टर ने मिशन उत्कर्ष अंतर्गत डीएमएफ मद से 464 शिक्षकों की अस्थाई व्यवस्था करने तथा मासिक टेस्ट, ऑनलाइन पढ़ाई आदि के बेहतर मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिये। इस दौरान राजस्व प्रकरण, राजस्व कोर्ट केस, स्वामित्व योजना, पीएम आवास ग्रामीण एवं शहरी, मुख्यमंत्री जानदर्शन, सीएम हेल्पलाइन, सीपी ग्राम्स, सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण, समय-सीमा के आवेदन आदि पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, एआर टंडन, निशा नेताम मड़ावी, सीमा ठाकुर सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### आदतन नियमों का उल्लंघन करने वालों का ड्राइविंग लाइसेंस होगा निरस्त

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिये नियमों का सख्ती से पालन, ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षा उपाय, जागरूकता अभियान पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि ऐसे दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालक जो आदतन नियमों का उल्लंघन करते हैं तथा जिनका लाइसेंस 3 बार निलंबित हो गये हैं उनका लाइसेंस निरस्त किया जाए। पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा लगातार जांच एवं चालानी कार्यवाही करें। इसके साथ ही स्कूल, कॉलेज एवं अन्य संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करें। उन्होंने एनएच एवं राज्य मार्गो में स्थित ब्लैक स्पॉट पर जरुरी सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने कहा। इसी तरह निर्माणाधीन सड़क एवं पुलियों को शीघ्र पूरा करने और निर्माण स्थल पर रेडियम पट्टी लगाने के भी निर्देश दिये। ओवर लोडिंग भारी वाहनों पर कार्यवाही हेतु खनिज एवं पुलिस विभाग को संयुक्त जांच अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में सड़क दुर्घटना में पीड़ति का जान बचाने में उल्लेखनीय कार्य करने वाले राहवीरो का सम्मान करने पर बल दिया गया। बैठक में डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, एआर टंडन, निशा नेताम मड़ावी, सीमा ठाकुर सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

- जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

## कलेक्टोरेट में जीवन दीप समिति की बैठक



**बिलाईगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू की अध्यक्षता और जिला स्तर के सभी अधिकारियों की उपस्थिति में जीवन दीप समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला अस्पताल सारंगढ़ बिलाईगढ़ के सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल ने जीवन दीप समिति में कार्यरत स्टॉफ डॉक्टर, नर्स, वाहन चालक और भवन के साथ उपकरण आदि की जानकारी दी।

बैठक में मुख्यमंत्री लोक चिकित्सालय उन्नयन कोष के तहत हॉस्पिटल भवन मरम्मत एवं प्लस्टर आदि, जीवन समिति के मानव संसाधन रेडियोग्राफर, ड्रेसर, कंप्यूटर ऑपरेटर, नर्स, ड्राइवर, ऑक्सीजन प्लांट ऑपरेटर की आवश्यकता की जानकारी दी।अतिरिक्त मानव संसाधन की संभावित मासिक खर्च, विद्युत व्यवस्था लाईट पंखा मरम्मत, नया मेडिसिन वार्ड में फर्नीचर, सीसीटीवी, एक्सरे रूम का उन्नयन, पोस्ट मार्टम परिसर में पानी टंकी और नल कनेक्शन की व्यवस्था की आवश्यकता की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने सभी आवश्यकता क़ो ध्यान में रखकर संबंधित विभागों क़ो कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# आयोग ने उपभोक्ता को नया वाहन देने आदेश किया पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

परिवादी को अमानक स्तर का वाहन दिये जाने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा विरोधी पक्षकारगण को सेवा में कमी का दोषी माना। परिवादी को प्रश्ननाधीन वाहन का वर्तमान मूल्य अथवा उसी मॉडल का दूसरा नया वाहन प्रदाय किये जाने एवं उपभोक्ता को मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 20 हजार तथा वाद-व्यय हेतु 5 हजार रुपये परिवादी को प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार निवासी रघुवेंद्र डोंगरे ने विरोधी पक्षकारगण जायका ऑटोमोबाइल, भाटापारा रोड बलौदाबाजार से टाटा कंपनी का एकसना योद्धा वाहन क्रय किया था। क्रय दिनांक से एक सप्ताह के भीतर बहाना कर विरोधी पक्षकारगण ने वाहन को शो रूम में मंगाकर उपभोक्ता की बिना अनुमति के चेसिस बदलकर दूसरा चेसिस लगा दिया। उपरांत वाहन में अनेक प्रकार की खराबी आना शुरू हो गया और वाहन अचानक बंद हो गया।

विरोधी पक्षकारगण परिवादी से पुराना वाहन प्राप्त कर परिवादी को प्रश्ननाधीन वाहन का वर्तमान मूल्य अथवा उसी मॉडल का दूसरा नया वाहन प्रदाय किये जाने एवं उपभोक्ता को मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 20 हजार तथा वाद-व्यय हेतु 5000-रूपये परिवादी को प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया गया।

### डीलर की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

विरोधी पक्षकारगण के मैकेनिक से भी चालू नहीं हुआ विरोधी पक्षकारगण द्वारा नया वाहन न देकर रंग रोगन कर अन्य वाहन परिवादी को विक्रय किया गया जिससे परिवेदित होकर परिवादी द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया। आयोग के अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेज एवं संबंधित नियम आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि दस्तावेजों के परिशीलन से स्पष्ट है कि वाहन खरीदने के एक सप्ताह बाद चेसिस को बदला गया है।

### उपभोक्ता आयोग ने माना सेवा में कमी

चेसिस बदलने के संबंध में परिवादी की सहमति अथवा स्वीकृति बाबत विरोधी पक्षकारगण द्वारा किसी भी प्रकार का दस्तावेज अथवा साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है। नई वाहन में अनेक खराबी का आना, चालू नहीं होना, विरोधी पक्षकारगण द्वारा परिवादी को नया वाहन विक्रय किया गया अथवा किसी अमानक या पूर्व से खराब वाहन को नया कर विक्रय किये जाने सम्बंधित संदेहास्पद गतिविधियों को जो कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत अनुचित व्यापार, व्यवहार एवं सेवा में कमी को प्रमाणित करता है जिसके लिए विरोधी पक्षकारगण दायित्वधिन है।

## शराब दुकान में नौकरी का झांसा दो गिरफ्तार

**रायपुर।** शराब दुकान में सेल्समैन की नौकरी लगाने के नाम पर साढ़े चार लाख रुपए ठगी करने के आरोप में खम्हारडीह थाने की पुलिस ने दो लड़कों को गिरफ्तार किया है। जांजगीर-चांपा निवासी शिवधन सागर की शिकायत पर पुलिस ने खमतराई, शिवानंद नगर निवासी योगेश साहू, बिरगांव निवासी दिलीप यादव को गिरफ्तार किया है। युवक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि सोशल मीडिया में वायरल पोस्ट के आधार पर उसने योगेश से संपर्क किया। संपर्क करने पर उसने अपने आपको भर्ती प्रक्रिया से जुड़े होने का झांसा देकर पीड़ित से तीन लाख रुपए लेकर कोरबा शराब दुकान में सेल्समैन का फर्जी नियुक्ति पत्र दिया।

नौकरी नहीं मिलने पर पैसे मांगे जाने पर दूसरे युवक ने अपने आपको निजी कंपनी का ऑपरेशन हेड होने का झांसा देकर डेढ़ लाख रुपए लेकर ठगी का शिकार बनाया।

## जिपं सभापति ने किया स्कूल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव ने मंगलवार को ग्राम बड़ेजरौद स्थित हाई स्कूल का औचक निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक एवं व्यवस्थागत गतिविधियों का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर वर्तमान शैक्षणिक व्यवस्था, पढ़ाई की गुणवत्ता तथा उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान मध्याहन भोजन की गुणवत्ता की भी जांच करते हुए बच्चों से भोजन के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया।

- हाईस्कूल में मध्याहन भोजन की गुणवत्ता परखी और बच्चों से भोजन के संबंध में फीडबैक ली

निरीक्षण के दौरान श्री वैष्णव ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, शौचालयों की स्वच्छता, विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा शिक्षकों की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राचार्य से प्राप्त की और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। विद्यालय परिसर का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नवीन किचन शेड निर्माण की घोषणा भी की।

इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण तथा बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ सम्मानजनक वातावरण मिले, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। विद्यालयों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान सरपंच ज्ञानसिंह पाल, पूर्व सरपंच रोशन वर्मा, सरपंच मनीष साहू, बसंत कोसले, गोलू यदु, चंदन ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### झमाझम बारिश के...

नियमित और पर्याप्त वर्षा आवश्यक है। यदि जल्द ही मानसून सक्रिय होता है तो खेती की स्थिति में सुधार आ सकता है। फिलहाल रिमझिम बारिश ने किसानों को थोड़ी राहत तो दी है, लेकिन उनकी असली उम्मीद अब भी झमाझम बारिश पर टिकी हुई है।

### जनप्रतिनिधियों की अनदेखी...

आवश्यक मरम्मत, सौंदर्यीकरण और सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की गई तो भविष्य में परिसर की स्थिति और अधिक खराब हो सकती है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि ठाकुर देवता चितावर परिसर का संरक्षण करते हुए साफ-सफाई सौंदर्यीकरण प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम किए जाएं, ताकि गांव की इस आस्था स्थली की गरिमा बनी रहे और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### खनिज के अवैध...

नियम 2009 के तहत ज़प्ती की कार्यवाही कर सील किया गया एवं 01 स्वीकृत उत्खनिपट्टा मेसर्स बाबा मिनरल्स गुड़ेली प्रो. राजेश अग्रवाल में छ.ग. गौण खनिज नियम 2015 के एवं पर्यावरण सम्मति के शर्तों का उल्लंघन पायें जाने पर कर जब्ती की कार्रवाई कर सील किया गया। जिसकी नियमानुसार कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। सरिया तहसील में मंगलवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान गौण खनिज डोलोमाइट के अवैध परिवहन करते हुए 2 हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 13- एएक्स-0311 एवं सीजी 13 बीके 5842 तथा गौण खनिज साधारण रेत के अवैध परिवहन करते हुए 08 ट्रैक्टर वाहन पर कार्रवाई करते हुए थाना सरिया के सुरक्षार्थ में रखा गया। यह कार्रवा छ्त्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं खान एवं खनिज विकास अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की गई। अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण पर कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### खरोरा में धर्मांतरण...

राजीव अग्रवाल ने बैठक में कहा कि ईसाई पास्टरों द्वारा गरीब एवं असहाय तबके के लोगों को आसानी से टार्गेट किया जा रहा हैं।

श्री अग्रवाल ने कहा कि इन पास्टरों द्वारा पहले इन लोगों को उनके दुःख-दर्द दूर करने का भरोसा दिया जाता हैं और जब ये भोले भाले लोग इनके जाल में फंस जाते हैं तब धीरे से ये उन्हें धर्मांतरित कर दिया जाता हैं। उन्होंने लोगों से इन ईसाई मिशनरियों, पास्टरों तथा इनके प्रार्थना प्रलोभन से दुरी बनाना की अपील की। वहीं पूर्व नपं अध्यक्ष अनिल सोनी ने नगर के वार्डो में धर्मांतरण के ख़िलाफ समिति बनाने और इन अवैध धर्मांतरण गतिविधियों पर नजर बनाये रखने की बात कही। इस दौरान युवा समाजसेवी बब्लू भाटिया द्वारा युवाओं से अपील की गई कि वे इन पास्टरों पर नज़र रखें एवं धर्मांतरण में संलिप्तता पाए जाने पर इन्हें सबक सिखायें।

इस दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक सिताराम यादव, भागवताचार्य संतोष गांगुली, श्रीमती रश्मि वर्मा, सोना वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा, तोरण ठाकुर, जोगिंदर सलूजा, विकास ठाकुर, राम बाबू मंडल, राजा भाटिया, सुमीत सेन, जयप्रकाश वर्मा आदि सभी लोगों ने सभा को संबोधित करते हुए धर्मांतरण का विरोध किया एवं घर घर जाकर लोगों के बीच धर्मांतरण के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाने की बात कहीं गईं। बैठक में गांव-गांव समिति बनाने एवं अवैध प्रार्थना सभा पर कार्रवाई का निर्णय।

गौरतलब हैं कि पिछले कुछ समय से खरोरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धर्मांतरण के मामलों में अचानक से बढ़ोतरी हुई हैं। इसके चलते कई स्थानों पर विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो रही हैं। कई जगहों पर इन इसाई मिशनरियों द्वारा संचालित प्रार्थना सभा में गैर ईसाई समुदाय के लोगों को आमंत्रित करने एवं उन्हें हिन्दू धर्म के खिलाफ भड़काकर धर्मांतरित करने का आरोप हैं। इसी के चलते बैठक में सर्वसम्मति से आसपास के गांवों में समितियों गठन एवं इनके माध्यम से लोगों में धर्मांतरण को लेकर जागरूकता लाने सहित बाहरी इसाई पादरी एवं पास्टरों की गतिविधियों पर निगरानी रखने तथा अवैध प्रार्थना सभाओं को बंद कराने का संकल्प लिया गया।

## तृतीय लिंग सिक्योरिटी गार्ड भर्ती के लिए शिविर 2 को

**रायपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा तृतीय लिंग समुदाय के व्यक्तियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 2 जुलाई को वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। यह इंटरव्यू रायपुर स्थित संबल केंद्र आईडीएसएमटी बिल्डिंग गांधी चौक में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। इस वॉक-इन-इंटरव्यू में अलर्ट एस.जी.एस. प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के कुल 20 पदों पर भर्ती की जाएगी। इस इंटरव्यू में प्रदेश के सभी जिलों के तृतीय लिंग समुदाय के पात्र अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों की पदस्थापना छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में की जाएगी।

## दोना पत्तल बनाने के नाम पर एक करोड़ से ज्यादा की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलौदाबाजार, पलारी निवासी एक युवक ने डीडीनगर, सरोना में संचालित उड़ान मशीनरी (नुमान्ता केयर प्रा लि) वासु लॉजस्टिकि के संचालक के खिलाफ 2.95 लाख रुपए ठगी करने की शिकायत कराई है। इसके साथ ही राज्य के अन्य जिलों से आए दो दर्जन से ज्यादा युवक युवतियों ने दोना पत्तल मशीन बेचने तथा दोना-पत्तल खरीदी करने के नाम पर ठगी की शिकायत दर्ज कराई है।

पेशे से प्लंबर चंद्राहस वर्मा ने शैलेंद्र रजक के खिलाफ ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया है कि उसे दोना पत्तल बनाने की मशीन लगाने एवं कच्चा माल उपलब्ध कराने के बाद तैयार माल को स्वयं खरीदने का आश्वासन तथा अधिक लाभ कमाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया गया।

उसने पुलिस को बताया है कि जनवरी में सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी पहचान शैलेंद्र कुमार से हुई थी। इसके बाद वह उससे मिलने गया, तो उसने झांसा में लेते हुए दोना पत्तल बनाने कच्चा माल प्रदान करने एवं कच्चा माल तैयार होने के बाद माल क्रय कर बाजार में बेचने के बाद मुनाफा देने का झांसा देकर कच्चा माल उपलब्ध कराने के एवज में एडवांस पैसे लेकर ठगी का शिकार बनाया।

## शासकीय कर्मचारी बच्चों संग साझा कर रहे खुशियां

रायपुर। जिले में शासकीय कर्मचारियों के जन्मदिन अब केवल व्यक्तिगत आयोजन नहीं रह गए है, बल्कि समाज सेवा का माध्यम बनते जा रहे है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना और न्योता भोज के अंतर्गत संचालित प्रोजेक्ट आओ बांटे खुशिया का उद्देश्य खुशियों को बांटना है। इस पहल को शासकीय कर्मचारी पूरे उत्साह के साथ अपना रहे है। इसी क्रम में डाटा एंट्री ऑपरेटर जागेश्वर निषाद ने आंगनबाड़ी केंद्र अरविन्द नगर रायपुर में विद्यार्थियों के साथ जन्मदिवस के अवसर पर बच्चों के साथ केक काटकर, फल और पौष्टिक आहार वितरित कर इस दिन को विशेष बनाया।

**जांच के बाद रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है**

# सीएम हेल्पलाइन लाइन नंबर में थोक में अवैध रेत-मुरुम की शिकायतें, हर दिन जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर में जिस तरह से शिकायत एवं समस्याओं का तेज गति से निराकरण किया जा रहा है, उसे देखते हुए अब रेत और मुरुम के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण किए जाने की शिकायतें भी लगातार आने लगी हैं, जिसके कारण खनिज विभाग की टीम लगभग हर दिन इन शिकायतों की जांच के लिए औचक निरीक्षण पर भी निकल रही है। विभागीय सूत्र के अनुसार जिले में पिछले लगभग पखवाड़ाभर में थोक में मुरुम एवं रेत से संबंधित शिकायतें मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से जिला खनिज विभाग दफ्तर में पहुंच चुकी हैं। इन शिकायतों पर टीम भेजकर जांच भी कराई जा रही है। कई शिकायतें इनमें सही भी पाई जा चुकी हैं, जहां अवैध एवं नियम के विरुद्ध मुरुम का खनन के साथ रेत का अवैध रूप से भंडारण किया हुआ था। हालांकि इस जांच के बाद रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है, इसलिए इसकी जानकारी भी सार्वजनिक नहीं की जा रही है।

**60 से अधिक शिकायतें :** जिले में इन दिनों खनिज सामग्री में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की सबसे अधिक शिकायतें रेत और मुरुम की हुई हैं। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत करने वालों के नाम सुरक्षा की दृष्टि से गोपनीय रखे जा रहे हैं। सूत्र के अनुसार सुशासन तिहार के दौरान जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान भी कई लोगों ने रेत और मुरुम से संबंधित शिकायतें की थीं। इनमें कुछ शिकायतों पर कार्रवाई भी की गई, लेकिन कई शिकायतों पर जांच तक नहीं की गई। इसे देखते हुए कई लोग अब सीधे मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत करने लगे हैं। जानकारी मिली है कि पिछले पखवाड़ाभर में 60 से ज्यादा शिकायतें मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में की गई हैं। इन शिकायतों पर जल्द से जल्द जांच करने तथा शिकायत सही मिलने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर में एक दिन में चार प्रसव हुए

**गोपालपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर में एक दिन में 4 चार प्रसव हुए हैं और जच्चा - बच्चा सभी स्वस्थ है। उक्त स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर प्रसव के लिए विश्वसनीय माना जाता है। इसी कारण यहां वनांचल क्षेत्र के लोग यहां प्रसव के लिए आते हैं। यहां के डॉक्टर, सिस्टर के कुशलता से और व्यावहारिकता के परिचय देते हैं व सभी मरीजों को संतुष्टि मिलती है। ज्ञात हो कि यहां के सभी सुविधाएं व्यवस्थित है, जिसके चलते मरीज इसका लाभ उठाते हैं। यहां के सभी स्टाफ जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार वैष्णो मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ. एस के जायसवाल खण्ड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में सभी प्रसव सफल रहा। कुछ दिन पूर्व की बात है 48 घंटों में 12 प्रसव हुआ था। वे भी सभी स्वस्थ है।

### महिला मोर्चा में हेमलता को रायपुर संभाग का जिम्मा

**रायपुर।** भाजपा के प्रदेश संगठन ने महिला मोर्चा की संभाग प्रभारी और सह प्रभारियों के साथ जिलों की भी प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त की हैं। जहां रायपुर संभाग का जिम्मा हेमलता चंद्राकर को दिया गया है, वहीं सुपमा खलको को सह प्रभारी बनाया गया है। रायपुर शहर का प्रभारी बिथिका विश्वास और सह प्रभारी सुलोचना पांडेय, रायपुर ग्रामीण की प्रभारी प्रीति परगनिया और सह प्रभारी रेखा सोनकर बनाई गई हैं।

### मंत्री कश्यप ने किया समस्याओं का निराकरण

**रायपुर।** प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप ने सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर के सहयोग केन्द्र में भाजपा के कार्यकर्ताओं और आमजनों की समस्याएं की निराकरण किया। सहयोग केंद्र में प्रदेश भर से पहुंचे बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्री कश्यप के समक्ष अपनी मांगें, सुझाव और विभिन्न क्षेत्रों की समस्याएं रखीं। श्री कश्यप ने इस दौरान करीब 42 प्रतिनिधिमण्डलों व 200 से अधिक संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं की बातों को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ सुना।संबंधित अधिकारियों को फोन पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती व सहयोग केन्द्र प्रभारी सच्चिदानन्द उपासने मौजूद थे।

### कर्मचारी ने सैनिक कल्याण दफ्तर की कार्यप्रणाली व्यवस्था पर उठाए सवाल

**रायपुर।** जिला सैनिक कल्याण दफ्तर में पदस्थ चौकीदार सह फर्राश देवेंद्र कुमार गंगबेर ने दफ्तर की कार्यप्रणाली व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाए है। उन्होंने एक पत्रकारवार्ता में आरोप लगाया कि उससे कार्यालयीन जिम्मेदारियों के अलावा सैनिक विश्राम गृह के संचालन से जुड़े अतिरिक्त कार्य भी कराए जा रहे है। उनका कहना है कि उनकी नियुक्ति सैनिक कल्याण कार्यालय के कार्यों के लिए हुई थी, लेकिन वर्तमान में उनसे कार्यालयीन जिम्मेदारियों के अलावा सैनिक विश्राम गृह के लगभग 10 से 12 कमरों की देखरेख, वहां ठहरने वाले अतिथियों की व्यवस्था तथा अन्य अतिरिक्त कार्य भी कराए जा रहे हैं। उनका आरोप है कि निर्धारित ड्यूटी समय, साप्ताहिक अवकाश और शासकीय नियमों के तहत मिलने वाले अधिकारों से उन्हें लगातार वंचित रखा जा रहा है।

# वृक्ष केवल लकड़ी पत्ती की संरचना नहीं, बल्कि भविष्य के जीवन का आधार: साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाहोद

समीप ग्राम पंचायत खम्हारडीह शाला परिसर में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरणीय प्रभावों के प्रति जागरुकता लाना, पौधारोपण के महत्व को समझाना और उसे बढ़ावा देना है। इस दौरान सरपंच डेनिश साहू, जनपद सदस्य धनाराम पटेल, पंचायत सचिव अम्बिका कैवर्त्य, प्रधान पाठिका मनीषा वर्मा, उपसरपंच गजानद पैकरा, रोजगार सहायक बालकदास एवं गजेंद्र चंदेल, रूपी पैकरा, प्रदीप पैकरा, वामन पटेल, कपिल ध्रुव, अजय सोनवानी, कुंदन पैकरा, रामकुमार पैकरा, सीताराम रात्रे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। सरपंच डेनिश साहू कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पर्यावरणीय संकटों और उनके समाधान पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने पौधारोपण के महत्व को समझाते हुए सभी उपस्थित जनों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। स्थानीय समुदायों को पर्यावरणीय संरक्षण में सक्रिय रूप से भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। लगाए गये पौधे फलदार पौधा मुनगा, अमरूद, जामून, नारियल नीबू कटहल, बेल, नीम छायादार/शोभायमान पौधा गुलमोहर, बरगद, कदम, अशोक, पीपल इत्यादि पौधों का रोपण किया गया ।

**शाला परिसर में जनप्रतिनिधियों ने किया पौधारोपण**



### पर्यावरण असंतुलन से जलवायु में परिवर्तन

प्रधानपाठिका मनीषा वर्मा ने कहा कि पर्यावरण के असंतुलन होने से जलवायु में परिवर्तन होता है साथ ही साथ तापमान में भी वृद्धि होती है, जिससे जीव-जंतु सभी प्रभावित होते हैं। इसलिए हमें पर्यावरण के संतुलन के लिए पेड़ लगाना आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने को कहा। जनपद सदस्य धनाराम पटेल ने कहा पर्यावरण के संतुलन के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की बात कही।

**अभियान : कसडोल में 228 बूथों पर पिलाई पोलियो की दवा**

# राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान: कसडोल में 25,780 बच्चों ने ली पोलियो की खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत विकासखंड कसडोल में रविवार को अभियान का शुभारंभ विधायक संदीप साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, पार्षद पुनेश्वर मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि योगेश बंजारे तथा खंड चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर किया गया।अभियान के प्रथम दिवस विकासखंड में कुल 28,424 लक्षित बच्चों में से 25,780 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई, जो कुल लक्ष्य का 90.7 प्रतिशत है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शेष बच्चों को आगामी घर-घर भ्रमण के दौरान पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, ताकि कोई भी बच्चा इस जीवनरक्षक खुराक से वंचित न रहे। विकासखंड में कुल 228 पोलियो बूथों के माध्यम से अभियान संचालित किया गया। अभियान के सफल संचालन के लिए 523 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिनमें आरएचओ , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा मितानिनें शामिल रहीं। वहीं, कार्यक्रम की प्रभावी निगरानी एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 31 सुपरवाइजरों की तैनाती की गई।



**बच्चों को दवा जरूर पिलाएं:** स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि यदि किसी कारणवश उनका बच्चा प्रथम दिवस पोलियो की खुराक से वंचित रह गया हो, तो आगामी घर-घर अभियान के दौरान अपने बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलवाएं।

**ये रहे उपस्थित:** उद्घाटन अवसर पर विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक मनोज मिश्रा, डाटा मैनेजर हेमंत सिन्हा, आरएचओ कोमल साहू, कमल साहू सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं मितानिनें उपस्थित रहीं।

### टोनाटार में सरपंच ने बच्चों को पिलाया पोलियो ड्रॉप

**अर्जुनी।** नवजात शिशु से लेकर 5 वर्ष के बच्चों को पिलाई जाने वाली पोलियो ड्रॉप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का मुख्य हिस्सा है, जिसका उद्देश्य देश को पोलियो मुक्त बनाए रखना है। इस अभियान के तहत 5 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को दो बूंद जिंदगी की दी जाती है, ताकि उन्हें इस गंभीर और अपंग करने वाली बीमारी से पूरी तरह सुरक्षित रखा जा सके। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत टोनाटार में सरपंच एवं सरपंच संघ उपाध्यक्ष विष्णु कोसले ने बच्चों को पोलियों की दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की। सरपंच ने इस अवसर पर कहा कि भारत पोलियो मुक्त देश की श्रेणी में शामिल हैं, लेकिन इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए समय-समय पर पल्स पोलियो अभियान चलाए जाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद आवश्य पिलाए, क्योंकि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का यही सबसे प्रभावी उपाय है। मितानिन तामेश्वरी ध्रुव मोंगरा वैष्णव ने अभिभावकों को बताया कि पोलियो उन्मूलन के लिए प्रत्येक बच्चों को समय-समय पर पोलियो की खुराक दिलाना आवश्यक है। स्वास्थ्य कर्मी एवं मितानिनों ने बच्चों को दवा पिलाकर इस अभियान को सफल बनाया।



# समितियों में ध्वजारोहण के साथ सहकारिता सप्ताह का शुभारम्भ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

ग्राम पंचायत बम्हनपुरी में 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिले के सभी सहकारी समितियों एवं सहकारी बैंक शाखाओं में सहकारी ध्वजारोहण कर सोमवार को सहकारिता सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। सहकारी सप्ताह में जिला स्तर पर अनेक सहकारी गतिविधियां तथा सहकारी चिंतन एवं सहकारी मेला का आयोजन किया जाएगा। जिले के 168 पैक्स, 15 बैंक शाखा एवं जिला सहकारी संघ, सहकारी समिति, सहकारी समितियों में हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों, कृषक सदस्यों, जनप्रतिनिधि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्यों को संस्था की व्यवसाय, खाद-बीज, संस्था उपविधि का पाठ्न किया गया।आगामी दिवसों में समितियों मे होने वाले गतिविधियों, कृषक संगोष्ठी, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर, केसीसी कार्ड, रुपे कार्ड वितरण, विद्यालय एवं महाविद्यालय मे निबंध, क्विज प्रतियोगिता एवं सहकार संकल्प दौड़ आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम में हिस्सा राम पैकरा सरपंच, उपसरपंच अशोक मघुकर, बुध्दि लाल गायकवाड़ सरपंच बगबुडा, समिति चंद्रमौली गंधर्व, समिति प्रबंधक) महेश कुमार कुर्रे, आपरेटर रविकमल, सहायक लिपिक मन्नू लाल पैकरा, बब्लू कुमार पैकरा, सरिता वर्मा, प्रमुख सदस्य कृषक रेशम यादव, कमलनारायण, भारत लाल, मनहरण, थानाराम, पवन कुमार, बलराम पैकरा, कंवल सिंग, हेतराम, मेलूराम साधराम, रेशम रमेश, महादेव, रामचंद, गुलाब सिंह गौतम, रूपकुंभार, छहुरा भादव, राघव भारद्वाज, हांशु राम पैकरा सभी उपस्थित रहे।

# सहकारिता पखवाड़ा प्रारंभ



**सेल।** सहकारिता पखवाड़ा 29 जून से 6 जुलाई तक प्रत्येक सहकारी समितियों में मनाया जा रहा हैं। 29 जून को प्रत्येक सहकारी समितियों में सहकारिता ध्वजा रोहण किया गया हैं। इसी प्रकार प्राथमिक साख सहकारी समिति पिसीद में ध्वजारोहण किया गया हैं, जिसमें मुख्य रूप कृष्ण कुमार पटेल प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सहकारिता ध्वजारोहण किया गया। इस कार्यक्रम में किसान एवं मातृ शक्तियों व सहकरी समिति कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# पांच दिवसीय शिविर में लोगों ने समझा योग का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर में पांच दिवसीय योग शिविर का समापन हुआ, जिसमे अंचलवासियों ने योग शिविर में भाग लेकर योग के महत्व को बारीकी से समझा तथा अपने दिनचर्या योग को शामिल करने का संकल्प लिया। शिविर के प्रथम दिवस में महासमुंद से पहुंची राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं योग शिक्षिका हेमलता साहू ने योग निदान पर आधारित यम नियम एवं जीवन शैली को सुधारने को प्रेरित किया। द्वितीय दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में परिवेश तिवारी थाना प्रभारी पलारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा मैं जन्म से ही योग से जुड़ा हूं और शिविर की सराहना की। जिला की कोषाध्यक्ष राजेश्वरी वर्मा एवं टाकेश्वरी योग शिक्षिका द्वारा शुगर के लिए आसन प्राणायाम और औषधि की जानकारी दी गई। तृतीय दिवस में तहसील प्रभारी हेमलता कनौजे एवं मधु सरसीहा द्वारा मोटापा के लिए योग आसन एवं आहार विहार की जानकारी दी गई।



चौथे दिन में दीप गार्डन के योग शिक्षक राजकुमार यदु एवं योग आयोग के जिला समन्वयक कसडोल से आये गंगा प्रसाद साहू द्वारा यज्ञ चिकित्सा एवं वेदों की जानकारी दी गई। उन्होंने विशेष अवसर जन्मदिन या विवाह दिवस में यज्ञ करने की सलाह दी।

पांचवें दिन में शिविर के समापन में महिला पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ कि राज्य प्रभारी सुश्री जया मिश्रा एवं पुष्पा मिश्रा ने अष्टांग योग एवं दैनिक जीवन एवं बढ़ते उम्र में किए जाने वाले योग आसन एवं प्राणायाम के माध्यम से लोगों को जागृति दिलाई जिला की पदाधिकारी बहनों को उनके कार्यों में गति एवं विस्तार कैसे लाना है सलाह दी और अपने लिए एक घंटा, समाज के लिए एक घंटा निकालने के लिए कहा। इस जिला स्तरीय शिविर में सेमराडीह ,खरतोरा, संडी, खमरिया, गिर्रा, मोहरा, रोहांसी, कोसमंदी, छेरकापुर, सिमगा, कसडोल, पलारी के क्षेत्र वासियों का सहयोग रहा शिविर का आयोजन मीना साहू जिला प्रभारी के नेतृत्व में हुआ नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने समापन में शामिल होकर योग के प्रति जागरूकता फैलाने एवं सफल आयोजन के लिए समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार है।

नगर के वरिष्ठजनों में खिलेन्द्र वर्मा पूर्व जनपद अध्यक्ष, इंद्रदेव वर्मा प्रदेश सदस्य भाजपा व सरस्वती शिशु मंदिर के उपाध्यक्ष, डॉ. रामकुमार साहू, बालोदी विद्यालय के प्रधान पाठक दिनेश साहू, कोसमंदी विद्यालय के प्रधान पाठक ओसराम साहू आदि शामिल हुए।

# सोशल जस्टिस के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को संगठन की गतिविधियां बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

यूनाइटेड ह्यूमन राइट्स एंड सोशल जस्टिस काउंसिल के प्रतिनिधिमंडल ने संगठन के प्रभावी संचालन, जनहितकारी गतिविधियों के विस्तार तथा शासन प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से सौजन्य भेंट कर संगठन की गतिविधियों, उद्देश्यों एवं भावी कार्य योजनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने संगठन द्वारा मानव अधिकार संरक्षण, सामाजिक न्याय, विधिक जागरूकता एवं जनकल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी प्रस्तुत की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि संगठन मानव अधिकार संरक्षण, सामाजिक न्याय, विधिक जागरूकता, महिला एवं बाल सुरक्षा, साइबर जागरूकता तथा जनकल्याणकारी अभियानों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के सशक्तिकरण हेतु कार्यरत है। संगठन का लक्ष्य शासन एवं प्रशासन के सहयोग से सशक्त नागरिक सुरक्षित समाज न्यायपूर्ण सुशासन जागरूक एवं सशक्त राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाना है। संगठन ने भविष्य में विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रमों, जागरूकता अभियानों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े कार्यों को प्रशासनिक सहयोग एवं जनसहभागिता के माध्यम से व्यापक स्तर पर संचालित करने का संकल्प व्यक्त किया। इस दौरान यूनाइटेड ह्यूमन राइट्स एंड सोशल जस्टिस काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता घासी भारद्वाज, डॉ. राकेश, विजय कुमार, सुरेन्द्र यादव, डॉ. दूजे राम मनहर बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स, केओ शमुएल सचिव सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं प्रतिनिधिमंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

# झेरिया यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन

**खरोरा।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज परिक्षेत्र खरोरा का वार्षिक अधिवेशन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत खरोरा के नया बस स्टैंड स्थित पूर्व विधायक भवन में किया गया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी ने इस गौरवशाली आयोजन की विस्तृत जानकारी साझा की ।

वार्षिक अधिवेशन के दौरान झेरिया यादव समाज की उन्नति, शिक्षा के स्तर को सुधारने और युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने पर विशेष मंथन किया गया।



कार्यक्रम के अंत में स्थानीय सामाजिक पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों और परिक्षेत्र से आए सामाजिक बंधुओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में झेरिया यादव समाज के महिला, पुरुष और युवा उपस्थित रहे ।

इस सामाजिक समागम में क्षेत्र के प्रमुख सामाजिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में शामिल रहे नवीन अग्रवाल अध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर, रामलाल यादव जिला अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज, जिला रायपुर, सोना वर्मा अध्यक्ष, भाजपा मंडल खरोरा, घनश्याम चंद्राकर, छगन यादव, भोला यादव, पंचराम यादव उपस्थित थे।

# 102 पंचायतों में एक लाख पौधों का होगा रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

- 1 से 31 जुलाई तक चलेगा वृहद पौधारोपण महाअभियान



पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने तथा हरित एवं स्वच्छ तिल्दा के निर्माण के उद्देश्य से तिल्दा विकासखंड में वृहद पौधारोपण महाअभियान-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल एवं गौरवमयी 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से पूरे विकासखंड की 102 ग्राम पंचायतों में एक लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत में लगभग 1000 पौधे लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस महाअभियान का उद्देश्य केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक लगाए गए पौधे का संरक्षण एवं संवर्धन सुनिश्चित करते हुए तिल्दा विकासखंड को हरित, स्वच्छ एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक क्षेत्र के रूप में विकसित करना है। अभियान में जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, युवा मंडलों, महिला समूहों, विद्यार्थियों तथा आम नागरिकों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

महाअभियान का शुभारंभ 1 जुलाई को प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत तुलसी नेवरा के गौठान परिसर में किया जाएगा। वहीं अभियान का समापन 31 जुलाई को प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत कुम्हारी जारा में आयोजित होगा। इस एक माह के दौरान विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान फलदार, छायादार एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से उपयोगी विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाएगा।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# अल-नीनो का प्रभाव, किसानों को कृषि कार्य के लिए सलाह जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

संचालनालय कृषि, छत्तीसगढ़ द्वारा भारत मौसम विज्ञान विभाग के अल-नीनो प्रभाव संबंधी पूर्वानुमान को दृष्टिगत रखते हुए किसानों के लिए कृषि कार्य संबंधी आवश्यक एडवाइजरी जारी की गई है। किसानों से अपील की है कि अल-नीनो की परिस्थितियों को देखते हुए कम एवं मध्यम अवधि में पकने वाली फसलों तथा किस्मों का चयन करें, जिससे वर्षा की अनिश्चितता पर प्रभाव कम हो।

वर्तमान में कम वर्षा की संभावना को ध्यान में रखते हुए धान की सीधी बुआई को प्राथमिकता दें। रोपा खेती में अधिक पानी एवं लागत की आवश्यकता होती है तथा फसल पकने में अतिरिक्त समय लगता है। धान की सीधी बुआई सीएसआर विधि से 20 प्रतिशत पानी की बचत होती है। फसल की कास्त लागत लगभग 5000 रूपये प्रति एकड़ कम होती है तथा फसल 12 से 15 दिन पहले पक जाती है। उच्चहन भूमि वाले क्षेत्रों में धान के स्थान पर दलहनी फसलें जैसे अरहर, मूंग एवं उड़द तथा तिलहनी फसलें जैसे मूंगफली, तिल, रामतिल एवं सोयाबीन की खेती अपनाएं। कृषि कार्यों की कठिनाईयों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए अपने निकट स्थित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र से सम्पर्क कर सकते हैं।

## कृषि विभाग ने किसानों को कतार पद्धति से बुवाई और बीज उपचार की दी सलाह



### बीज उपचार और नमी संरक्षण अपनाने की सलाह

फसलों की बुवाई कतार पद्धति से करें। इससे खरपतवार नियंत्रण, पौधे की उचित वृद्धि एवं नमी संक्षण में सहायता मिलती है। सभी फसलों के बीजों का बुवाई पूर्व फफूंदनाशी-कार्बन्डाजिन 2 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज, वष्टिनाशी थायमेथोक्सान, इमिडाक्लोप्रिड-1.5 मि.ली. प्रति किलोग्राम बीज, जैव उर्वरक धान हेतु एजोरिपरित, अन्य फसलों हेतु एजोटोबैक्टर तथा दलहनी फसली हेतु राइजीनियम का अवश्य उपयोग करें। यदि बुवाई के पश्चात 15 जुलाई तक अंकुरण नहीं होता है, तो पुनः बुवाई करें तथा सामान्य बीज दर की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक बीज का उपयोग करें। जुलाई माह के अंत तक मूंग एवं उड़द की बुवाई पूर्ण कर लें। अगस्त माह में तिल, सूरजमुखी राठा मध्यम अवधि पाली अरहर की बुवाई की जा सकती है। बुवाई के 20 से 25 दिन बाद खरपतवार नियंत्रण हेतु अनुशंसित खरपतवारनाशी का प्रयोग करें, जिससे मिट्टी में नमी का संरक्षण बना रहे। आवश्यक्तानुसार फसलों में मल्चिंग का उपयोग करें। इससे भूमि की नमी संरक्षित होती है तथा फसलें सूखे के प्रभाव से सुरक्षित रहती हैं। गांव के नालों पर सीमेंट की बोरियों में रेत भरकर अस्थायी बांध बनाएं तथा वर्षा जल का संचयन करें। कम वर्षा की स्थिति में नत्रजन उर्वरकों का उपयोग सीमित मात्रा में करें। इसके स्थान पर 2 प्रतिशत पुरिया घोल का छिड़काव अधिक लाभकारी रहेगा अथवा एक एड़क में 2 बोतल नैनो यूरिया का उपयोग करें।

## आयोजन : धूमधाम से मनाया गया संत कबीर साहेब का प्राकट्य उत्सव

# संत कबीर के विचारों पर चलने का लिया संकल्प, निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



आमीन माता महिला मंडली खरोरा एवं एसकेडीवी मिशन तहसील खरोरा कबीरपंथी समाज के तत्वावधान में सोमवार को संत कबीर साहेब के प्राकट्य उत्सव का आयोजन किया गया। खरोरा में पहली बार आयोजित उत्सव में विशाल शोभायात्रा, सत्संग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आनंदी चौका आरती तथा भोजन-प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कबीरपंथी समाज के श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर संत कबीर दास के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली शोभायात्रा में भजन-कीर्तन, संतवाणी, जयघोष और आध्यात्मिक प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था व्यक्त की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी थे। अध्यक्षता सुरेंद्र वर्मा जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने की। विशिष्ट अतिथियों में चंद्र कुमार डड़सेना प्रांतीय संयोजक, हेमलता नशीने पार्षद वार्ड क्रमांक-6 तथा पंचराम यादव पार्षद वार्ड क्रमांक-12 उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त प्रधान पाठक सुरेश कुमार साहू ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक गोपाल दास पड़वार ने किया।

इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी ने कहा कि संत सद्गुरु कबीर दास केवल महान संत ही नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के प्रखर प्रवक्ता थे। उनके विचार आज भी समाज को एकता, समरसता, मानवता और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

आयोजन के अंतर्गत सुबह 9 बजे गुरु ग्रंथी पाठ एवं मूल मंगलमय पाठ, सुबह 11 बजे विशाल शोभायात्रा एवं नगर भ्रमण, दोपहर 1 बजे से सामूहिक भजन-सत्संग तथा शाम 4 बजे कोयल दास मानिकपुरी कसडोल की भजन-कीर्तन मंडली द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात आनंदी चौका आरती संपन्न हुई। दोपहर 3 बजे से आयोजित भोजन-प्रसादी में लगभग 1000 श्रद्धालुओं ने खीर-पूरी का प्रसाद ग्रहण किया।

### कबीर जयंती पर निकाली कलश यात्रा




**सिमगा।** नगर के कबीर भवन में सर्व कबीर पंथी समाज द्वारा कबीर जयंती मनायी गई। सर्व प्रथम नगर में बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जो प्रमुख मार्गों में भ्रमण करते हुए कबीर भवन में समाप्त हुआ। इसके बाद चौका आरती तथा भजन कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से कबीर पंथी समाज सिमगा के अध्यक्ष मनोहर दास, बलकरण दास, फिरंता दास दीवान, मनोहर दास दीवान, आत्मा दास, केवल दास, आकाश दास, गीतांजलि देवांगन, नकुल रजक, गिरधर साहू, धनेश्वरी देवांगन एवं काफी संख्या में कबीर पंथी महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल थे।

# दिन में 30 से अधिक बार गुल हो रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों बिजली की लगातार आंख-मिचौली से आमजन का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि दिनभर में 30 से भी अधिक बार बिजली की आपूर्ति बाधित हो रही है। बार-बार बिजली बंद और चालू होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उमस भरी गर्मी ने हालात और भी मुश्किल बना दिए हैं। बिजली नहीं रहने से लोगों को न घर के भीतर राहत मिल रही है और न ही बाहर।

■ बिजली की आंख-मिचौली से ग्रामीण बेहाल

सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को हो रही है। बिजली गुल होने से पंखे, कूलर और अन्य आवश्यक उपकरण बंद हो जाते हैं, जिससे घरों में रहना मुश्किल हो जाता है। रात के समय भी बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है और दिनचर्या प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि मौसम में हल्का बदलाव या थोड़ी सी हवा चलने पर भी बिजली आपूर्ति तुरंत बंद कर दी जाती है। कई बार बिना किसी स्पष्ट कारण के भी बिजली कटौती होती रहती है। इससे लोगों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि बिजली की अनियमित आपूर्ति का असर खेती-किसानी और छोटे व्यवसायों पर भी पड़ रहा है। किसानों को सिंचाई में दिक्कत हो रही है, वहीं दुकानदारों और छोटे उद्यमियों का काम भी प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि क्षेत्र में बिजली व्यवस्था में शीघ्र सुधार किया जाए, बार-बार होने वाली बिजली कटौती पर रोक लगाई जाए तथा खराब लाइनों और उपकरणों की समय पर मरम्मत कर नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। लोगों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

# मोपर में शराब बिक्री से गांव का माहौल बिगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



अवैध शराब की विक्रय पर रोक लगाने और अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई का ढिंढोरा पीटने वाली पुलिस और आबकारी अमले की निष्क्रियता एवं उदासीनता के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम जोरों से अवैध शराब की बिक्री हो रही है। अवैध शराब की बिक्री पर ग्रामीणों की शिकायत और पुलिस और आबकारी अमले को जानकारी के बावजूद कार्रवाई नहीं किए जाने यह यह गोरख धंधा फैल रहा है।

गांव में आसानी से मिल रहे शराब के चलते ही खासकर युवा इसके चपेट में आकर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। अवैध शराब के कारण गांव में घरेलू कलह सामाजिक विघटन और अपराध की प्रवृत्तियों में तेजी से वृद्धि हो रही है। एक बुजुर्ग ग्रामीण ने व्यथित होकर कहा हमारे बच्चे बिगड़ रहे हैं घर उजड़ रहे हैं और पुलिस अनजान बैठे हुए हैं।

### ग्रामीणों ने अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई नहीं होने का लगाया आरोप

सुहेला थाना क्षेत्र के ग्राम मोपर में अवैध शराब बिक्री में लिप्त आसामाजिक तत्वों के लोगों द्वारा गांव के टावर तालाब पिपराही रोड आमाकोनी रोड सहित अन्य जगहों पर शराब बिक्री कर गांव के माहौल को अशांति करने में तुले हुए हैं। ऐसा नहीं है कि गांव में बिक रही खुलेआम शराब बिक्री की जानकारी संबंधित दोनों विभाग को नहीं है। जानकारी के बावजूद कार्रवाई नहीं होने के कारण ही अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के हौसले चरम सीमा पर है। ग्रामीणों की आक्रोश को देखते हुए कभी कभार महज खाना पूर्ति के लिए छोटी मोटी कार्रवाई कर इतिश्री कर लेते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में कभी भी किसी भी समय हो आसानी से शराब मिल जा रहा है।

# मोहरेंगा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



मिडिल स्कूल, मोहरेंगा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों का विद्यालय परिवार में स्वागत करना तथा अभिभावकों को बच्चों के नियमित नामांकन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच श्यामा बाई धीवर, सरपंच प्रतिनिधि कृष्णा धीवर, उपसरपंच कृष्णा कुर्रे, पूर्व सरपंच सरजू साहू, ग्राम सभा अध्यक्ष थनवार सिन्हा, शाला विकास समिति अध्यक्ष रूपेंद्र वर्मा, सतरूपा, दुरेन्द्र धीवर, चेतना वर्मा पंच, संकुल प्राचार्य अरविंद केरकेट्टा, शिक्षकगण, पालकगण एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अतिथियों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प एवं अध्ययन सामग्री भेंट कर आत्मीय स्वागत किया, संकुल समन्वयक द्वारा संकुल मोहरेंगा के 5वी, 8वी,10 वी,12 वी, के प्रथम स्थान प्राप्त किए प्रतिभावान विद्यार्थियों को बैग, भेंटकर सम्मानित किया। सरिता वर्मा ने पानी बॉटल भेंट की।



इस अवसर पर वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी अभिभावकों से अपने प्रत्येक बच्चे को विद्यालय भेजने तथा नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। प्राथमिक और माध्य शाला द्वारा न्यौता भोज में खीर ,पूरी, मिठाई दी गई।

कार्यक्रम का संचालन दिलीप सिन्हा एवं नेमचंद धीवर ने किया। संकुल समन्वयक नेमचंद धीवर ने शासन के विभिन्न विभागीय जानकारियां बताई तथा सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनसमुदाय के प्रति आभार व्यक्त किया तथा सभी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प दोहराया।

### गुड सफर्ड हाई स्कूल नावापारा में मना प्रवेश उत्सव

**सुहेला।** नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर गुड सेफर्ड हाई स्कूल, नावापारा अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल तिलक लगाकर, पुष्प एवं आत्मीय अभिनंदन के साथ विद्यालय परिवार में स्वागत किया गया। पूरे विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों, तोरण एवं आकर्षक सजावट से सजाया गया था, जिससे उत्सव का माहौल और भी मनमोहक बन गया। विद्यालय के संस्थापक प्रेम डांडे एवं विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति में विद्यार्थियों को मिठाई वितरित की गई। साथ ही उन्हें स्कूल बैग, गणवेश, पाठ्यपुस्तकें एवं कॉपियां प्रदान कर नए शैक्षणिक जीवन की सुखद शुरुआत कराई गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर उत्साह और अभिभावकों में संतोष एवं खुशी स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक प्रेम डांडे ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि उनमें नैतिक मूल्यों, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं उत्कृष्ट व्यक्तित्व का विकास करना भी है। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा वातावरण बना रहा और प्रवेश उत्सव ने नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत को यादगार बना दिया।



## जनदर्शन में आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण की पहल रही प्रभावी

# कलेक्टर जनदर्शन में दिव्यांग बालिका को मिली व्हीलचेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को जनदर्शन में दिव्यांग बालिका ईशु पटेल को व्हील चेयर प्रदान किया। सिमगा विकासखंड के ग्राम सकरी निवासी दिव्यांग बालिका ईशु पटेल की माताजी अपनी पुत्री की समस्या लेकर जनदर्शन में पहुंचीं। उन्होंने कलेक्टर कुलदीप शर्मा को बताया कि उनकी सात वर्षीय पुत्री दिव्यांग होने के कारण चलने-फिरने में अत्यधिक कठिनाई का सामना कर रही है, जिससे दैनिक जीवन के सामान्य कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। कलेक्टर शर्मा ने बालिका की समस्या को गंभीरता से लेते हुए समाज कल्याण विभाग को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। विभाग द्वारा त्वरित पहल करते हुए बालिका को मौके पर ही व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई। व्हीलचेयर मिलने से बालिका एवं उसके परिवार को बड़ी राहत मिली है। बालिका की माताजी ने जिला प्रशासन के त्वरित एवं संवेदनशील प्रयासों के लिए कलेक्टर कुलदीप शर्मा तथा शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उनकी पुत्री को आने-जाने में काफी सुविधा होगी और उसका दैनिक जीवन पहले की अपेक्षा अधिक सहज हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसमें आमजन अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन सीधे प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है।

## खबर संक्षेप



### पार्षद ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

**भाटापारा।** पल्स पोलियो अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत मुंशी इस्माईल वार्ड के पार्षद चन्द्रशेखर चक्रधारी ने 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी कार्यकर्ता मौजूद रहे। चक्रधारी ने इस दौरान अपील करते हुए कहा कि हर मां बाप अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित व स्वस्थ रखने के लिए अपने घर परिवार के सभी छोटे बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं।

### डीजीपी ने परिवार सहित मां अन्नपूर्णा-लक्ष्मी नारायण मंदिर में की पूजा



**गिधौरी।** ज्येष्ठ पूर्णिमा पर छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम अपने परिवार सहित शिवरीनारायण मां अन्नपूर्णा-लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान के साथ विशेष पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की। मंदिर के मुख्य पुजारी एवं व्यवस्थापक पंडित रवि नारायण द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कराई। इस दौरान डीजीपी गौतम एवं उनके परिवार ने भगवान लक्ष्मी-नारायण तथा मां अन्नपूर्णा का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी डीजीपी एवं उनके परिवार का आत्मीय स्वागत किया। दर्शन-पूजन के उपरांत उन्होंने मंदिर की धार्मिक परम्पराओं एवं व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ रही। भक्तों ने पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ अर्जित किया तथा मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक माहौल बना रहा।

### हायर सेकंडरी स्कूल में एसएमसी का गठन



**भाटापारा।** उच्च माध्य विद्यालय देवरी में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। इसमें सेवक राम साहू अध्यक्ष एवं शोभित यादव उपाध्यक्ष बने। सचिव हेम कुमार साहू पालक सदस्य पवन कुमार वर्मा, टेकराम घृतलहरे, नरेश कुमार साहू, गन्नूलाल रजक, दिनेश रजक, पार्वती साहू, हेमलता साहू, नोकेश्वरी साहू, संतोषी यादव, हेमीन साहू, ग्राम पंचायत से चयनित सदस्य सरिता डाण्डे, सावंत साहू, कैलाश साहू, हेमा वर्मा, शिक्षाविद भागवत प्रसाद ओझा, पूर्व छात्र गजेन्द्र कुमार साहू, आंगनबाडी आशा, कार्यकर्ता प्रीती मानिकपुर, शिक्षक सदस्य प्रीति शाह, रूखमणी साहू प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने शाला प्रबंधन समिति के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलायी। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकायें एवं पालकगण उपस्थित थे।

### केनाल रोड नाले की सफाई अब तक नहीं

**रायपुर।** शहर के राजेंद्रनगर-अमलीडीह क्षेत्र में केनाल रोड से लगे बड़े नाले की सफाई अभी तक नहीं कराई गई है, जिससे इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बारिश होने पर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जोन-10 अंतर्गत आने वाले इस नाले की नियमित सफाई की नहीं जाती है, जिसके कारण नाला अक्सर जाम रहता है।

